# राज्यसभा प्रत्याशियों को लेकर सरगर्मियां तेज

प्रशांत कुमार जैन

**भोपाल, 26 मई. मध्यप्रदेश में राज्यसभा की तीन सीटों पर चुनाव के लिए प्रत्याशियों के नामों को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं और अब सबकी निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि कौन तीन नेता इस राज्य का राज्यसभा में प्रतिनिधित्व करेंगे.**





कांग्रेस के दिग्विजिय सिंह के अलावा भाजपा के डॉ सुमेर सिंह सोलंकी और केंद्रीय राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन का कार्यकाल 21 जून को समाप्त हो रहा है. इन तीन सीटों पर चुनाव के लिए अधिसूचना 1 जून को जारी होने के साथ ही नामांकनपत्र दाखिले का कार्य प्रारंभ हो जाएगा, जो 8 जून तक चलेगा. नामांकनपत्रों की जांच 9 जून को होगी और प्रत्याशी 11 जून तक नाम वापस ले सकेंगे. आवश्यकता पड़ने पर मतदान 18 जून को सुबह नौ बजे से अपरान्ह चार बजे तक होगा और फिर शाम को मतों की गणना होगी.

230 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा के 164 और कांग्रेस के 64 विधायक हैं. एक सदस्य भारत आदिवासी पार्टी से कमलेश्वर डोडियार हैं. जबकि दतिया सीट रिक्त घोषित कर दी गई हैं. संख्या बल के हिसाब से दो सीट भाजपा और एक कांग्रेस के खाते में जाना तय है. किसी भी दल को एक सीट जीतने के लिए 58 विधायकों के मतों की आवश्यकता रहेगी.

दोनों ही दलों के प्रत्याशियों के नामों को लेकर इन दिनों सत्ता के गलियारों में अलग अलग कयास लगाए जा रहे हैं. दलों ने अभी तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं, लेकिन माना जा रहा है कि मूल रूप से केरल निवासी भाजपा प्रत्याशी जार्ज कुरियन को पार्टी फिर से इसी राज्य से राज्यसभा में भेज सकती है. कुरियन ने हाल ही में संपन्न केरल विधानसभा चुनाव भी लड़ा था, लेकिन उन्हें उसमें पराजय झेलना पड़ी.

### सोलंकी को फिर से मिल सकता है अवसर

पार्टी सूत्रों का मानना है कि मौजूदा राजनीतिक हालातों के बीच केंद्रीय नेतृत्व डॉ सुमेर सिंह सोलंकी को दूसरे कार्यकाल के लिए अवसर दे सकती है. उनका कार्यकाल बेदाग रहा है और संघ के प्रति उनकी समर्पण भावना भी इस थ्योरी को बल देती है. आदिवासी क्षेत्रों में उनके विशेष कार्यों को इस जगह अनदेखा नहीं किया जा सकता है. प्रत्याशियों के लिए भाजपा में कुछ और नेताओं के नाम भी चर्चा में हैं.

### जीतू और अरुण यादव भी दौड़ में

कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने इस बार राज्यसभा में नहीं जाने की इच्छा जतायी है. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव, पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल के अलावा पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ तथा पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह के नामों की भी चर्चा कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में की जा रही है. पार्टी नेताओं का कहना है कि सभी संभावित प्रत्याशी अपनी तरह से प्रयास करने के लिए स्वतंत्र हैं, लेकिन अंतिम फैसला हाईकमान का ही होगा.

> इस चुनाव में एक नयी थ्योरी भी चल रही है कि भाजपा तीसरी सीट पर भी जीत सुनिश्चित करने के लिए रणनीति पर कार्य कर रही है. हालाकि इस बात की अब तक पुष्टि नहीं हो पायी है. तीसरी सीट के लिए कांग्रेस से भाजपा में आए पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी का नाम घोषित हो जाए, तो इस पर आश्चर्य नहीं होना चाहिए. माना जा रहा है कि राज्य के एक पूर्व कद्दावर मंत्री तीसरी सीट पर भाजपा की विजय सुनिश्चित करने की रणनीति वरिष्ठ नेताओं को बता रहे हैं.

# मुख्यमंत्री ने शिप्रा को ओढ़ाई 351 फीट लंबी चुनरी

**अद्भुत संगम**
- महाअभियान बनी शिप्रा तीर्थ परिक्रमा यात्रा
- पहली बार गूंजी भारतीय नौसेना बैंड की देशभक्ति धुन
- रामघाट पर भक्ति, संस्कृति और राष्ट्रभक्ति का अद्भुत संगम

नवभारत न्यूज़

**उज्जैन, 26 मई. गंगा दशहरा पर्व पर निकली मां शिप्रा तीर्थ परिक्रमा यात्रा का मंगलवार को भव्य और ऐतिहासिक समापन हुआ. दो दिनों तक चली इस आध्यात्मिक यात्रा में श्रद्धा, संस्कृति, राष्ट्रभक्ति और जल संरक्षण का अद्भुत संगम देखने को मिला.**



मुख्यमंत्री मोहन यादव सपत्नीक यात्रा में शामिल हुए और रामघाट पर मोक्षदायिनी मां शिप्रा का पूजन-अर्चन कर 351 फीट लंबी चुनरी अर्पित की. हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में पूरा शिप्रा तट जय श्री महाकाल और जय मां शिप्रा के जयघोष से गूंज उठा. मुख्यमंत्री मंगलवार शाम को उज्जैन पहुंचे, जहां हेलीपैड पर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और भाजपा पदाधिकारियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया.

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से जल संरक्षण की व्यापक मुहिम चलाई जा रही है. कुएं, बावड़ी, तालाब, नदियों और जल स्रोतों के संरक्षण के लिए हजारों कार्य किए जा रहे हैं. उन्होंने कहा कि 'जल ही जीवन है' और आने वाली पीढ़ियों के लिए जल बचाना सबसे बड़ा दायित्व है.

### विधायक बनने से पहले शुरू की थी यात्रा

मां शिप्रा तीर्थ परिक्रमा यात्रा पिछले 24 वर्षों से लगातार निकाली जा रही है. खास बात यह है कि डॉ. मोहन यादव ने इस यात्रा की शुरुआत उस समय की थी, जब वे विधायक भी नहीं बने थे. वर्षों पहले शुरू हुई यह धार्मिक यात्रा अब जनआस्था और नदी संरक्षण का विशाल अभियान बन चुकी है. मुख्यमंत्री बनने के बाद भी वे उसी श्रद्धा और समर्पण के साथ यात्रा में शामिल हो रहे हैं.

### 25 हजार श्रद्धालुओं ने की दो दिन तक परिक्रमा

इस वर्ष करीब 25 हजार श्रद्धालु दो दिनों तक परिक्रमा यात्रा में शामिल हुए. विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं ने जगह-जगह मंच लगाकर यात्रियों का स्वागत किया. श्रद्धालुओं के लिए ठंडे पानी, शरबत, फल और अल्पाहार की व्यवस्था की गई. यात्रा मार्ग पर भक्ति और सेवा का अद्भुत वातावरण देखने को मिला.

# जल संकट को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 26 मई. इंदौर में लगातार गहराते पेयजल संकट के विरोध में मंगलवार को इंदौर जिला कांग्रेस कमेटी ने धरना-प्रदर्शन आयोजित किया. कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों पर शहरवासियों को नियमित पेयजल उपलब्ध कराने में विफल रहने का आरोप लगाया.**




धरना-प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया और प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए शहर में शीघ्र पर्याप्त पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग उठाई.

सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि इंदौर में भाजपा के दो कैबिनेट मंत्री, नौ विधायक, एक सांसद और एक महापौर होने के बावजूद आम नागरिकों को पीने के पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है. उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार जनसमस्याओं के समाधान के बजाय केवल प्रचार और आयोजनों में व्यस्त है, जबकि लोग बूंद-बूंद पानी के लिए संघर्ष कर रहे हैं.

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पेयजल जैसी मूलभूत समस्या के समाधान में पूरी तरह असफल साबित हुई है. कांग्रेस जनता के अधिकारों और बुनियादी सुविधाओं के लिए लगातार संघर्ष करती रहेगी.



# खजुराहो में योग महोत्सव की होगी भव्य शुरुआत

**खजुराहो, 26 मई. विश्व प्रसिद्ध खजुराहो पश्चिमी मंदिर समूह अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के 25 दिवसीय काउंट डाउन कार्यक्रम की मेजबानी के लिए तैयार है.**

आयुष मंत्रालय के मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान द्वारा 27 मई को यहां योग महोत्सव आयोजित किया जाएगा, जिसके साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 की औपचारिक उलटी गिनती शुरू होगी. कार्यक्रम से पहले केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने खजुराहो में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया. इस दौरान विष्णु दत्त शर्मा और अरविंद पटेरिया भी मौजूद रहे.

केंद्रीय मंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा कि योग महोत्सव-2026, 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों का महत्वपूर्ण हिस्सा है. उन्होंने बताया कि आयुष मंत्रालय देशभर में 100 स्थानों पर 100 संस्थानों के सहयोग से 100 दिनों का राष्ट्रव्यापी काउंट डाउन अभियान चला रहा है.

> प्रतापराव जाधव ने कहा कि खजुराहो भारत की सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है और यहां योग महोत्सव का आयोजन भारतीय परंपरा तथा आधुनिक स्वास्थ्य के सुंदर सामंजस्य को दर्शाता है. उन्होंने विश्वास जताया कि यह आयोजन योग की वैश्विक स्वीकार्यता को और मजबूत करेगा.

# प्रदेश के 45 शहरों में हीटवेव जैसे हालात

**भीषण गर्मी और लू की चपेट में मध्यप्रदेश**

**भोपाल, 26 मई. मध्यप्रदेश इस समय भीषण गर्मी और लू की चपेट में है. प्रदेश के 45 शहरों में हीटवेव जैसे हालात बने हुए हैं, जबकि पांच जिलों में रेड अलर्ट जारी किया गया है. नौतपा की शुरुआत के साथ ही गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया है.**




मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिन तक राहत मिलने की संभावना कम है, हालांकि 28 मई से प्री-मानसून गतिविधियां तेज हो सकती हैं. प्रदेश में सबसे ज्यादा तापमान छतरपुर जिले के खजुराहो में दर्ज किया गया, जहां पारा 47.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया. नौगांव में 46.8 डिग्री तापमान रिकॉर्ड हुआ. इसके अलावा दतिया, टीकमगढ़, सतना, दमोह, मंडला और रीवा जैसे शहरों में भी तापमान 44 से 45 डिग्री के बीच बना रहा. राजधानी भोपाल में अधिकतम तापमान 43.4 डिग्री और ग्वालियर में 44 डिग्री दर्ज किया गया. इंदौर और उज्जैन में भी तेज गर्मी का असर देखने को मिला.

मौसम विभाग ने निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना और सतना जिलों में तीव्र लू का रेड अलर्ट जारी किया है.

> मौसम विभाग ने 28 मई से मौसम में बदलाव के संकेत दिए हैं. ग्वालियर, चंबल, सागर और जबलपुर संभाग के 14 जिलों में हल्की बारिश, तेज हवाएं और गरज-चमक की संभावना जताई गई है. पश्चिमी हिस्से से गुजर रहे टर्फ सिस्टम के कारण प्री-मानसून गतिविधियां बढ़ सकती हैं. दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच घर से बाहर निकलने से बचने की सलाह दी है. खासकर बच्चों और बुजुर्गों को अतिरिक्त सावधानी बरतने को कहा गया है. लोगों को पर्याप्त पानी पीने, हल्के सूती कपड़े पहनने और शरीर को हाइड्रेट रखने की सलाह दी गई है.

## प्रधानमंत्री के 12 वर्ष पूर्ण होने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने दी बधाई

**भोपाल.** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को राष्ट्र सेवा के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने पर हार्दिक बधाई दी है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में भारत ने विकास, आत्मनिर्भरता, सुरक्षा, सांस्कृतिक गौरव, डिजिटल क्रांति और वैश्विक नेतृत्व के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए हैं.



# जवाहरलाल नेहरू पुण्यतिथि पर कांग्रेस देगी श्रद्धांजलि

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 26 मई. भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर 27 मई को जिला कांग्रेस कमेटी भोपाल द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा.**

कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे. सुबह 10.30 बजे रोशनपुरा चौराहे स्थित पंडित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी. इसके बाद सुबह 11 बजे प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय इंदिरा भवन स्थित राजीव गांधी ऑडिटोरियम में दूसरा कार्यक्रम आयोजित होगा. जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों से बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर पंडित नेहरू को श्रद्धांजलि अर्पित करने की अपील की है.


## 7 जून से होगी शारीरिक दक्षता परीक्षा

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 26 मई. मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल ने राज्य पुलिस विभाग में प्रधान आरक्षक (कंप्यूटर) एवं सहायक उप निरीक्षक (कंप्यूटर) के 89 पदों पर भर्ती प्रक्रिया के अगले चरण की घोषणा कर दी है.**

इन पदों के लिए ऑनलाइन परीक्षा 24 और 25 मार्च 2026 को आयोजित की गई थी, जबकि परीक्षा परिणाम 8 मई को मंडल की आधिकारिक वेबसाइट पर घोषित किए गए थे. लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की शारीरिक प्रवीणता परीक्षा (पीपीटी) 7 जून से 9 जून 2026 तक आयोजित की जाएगी. परीक्षा में 800 मीटर दौड़ और दस्तावेज सत्यापन शामिल रहेगा. यह प्रक्रिया भोपाल के जहांगीराबाद स्थित लाल परेड ग्राउंड तथा जबलपुर के रांझी स्थित 6वीं वाहिनी एसएएफ परेड ग्राउंड में संपन्न होगी. सहायक पुलिस महानिरीक्षक (चयन/भर्ती) गोपाल सिंह धाकड़ ने बताया कि अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि और केंद्र पर ऑनलाइन डाउनलोड किए गए प्रवेश पत्र, आधार कार्ड, मूल दस्तावेज एवं स्वयं प्रमाणित छायाप्रतियों के साथ उपस्थित होना अनिवार्य होगा.




स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा 3, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1, भोपाल से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स से मुद्रित. संपादक दिलीप झा*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-4939198, ईमेल-bhopalnav@gmail.com RNI Reg. No. 35046/56 डाक पंजीयन क्रमांक M.P/B.P.L/711/2012-14